**Regarding need to establish a Regional Office of Indian Council of Agricultural Research in Chhindwara Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid**

श्री बंटी विवेक साहू (छिन्दवाड़ा) **:** मैं माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री से निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के दोनों जिले पूर्णतः कृषि आधारित क्षेत्र हैं । यहाँ की जलवायु एवं भू-प्राकृतिक स्थिति में मक्का, गेहूँ, गन्ना, चना, सोयाबीन, मूंगफली, ज्वार, बाजरा, कोदो, कुटकी, चावल, कपास, संतरा, स्ट्रॉबेरी, आलू, प्याज, लहसुन, टमाटर, हरी सब्जियाँ आदि फसलें पर्याप्त मात्रा में उत्पन्न होती हैं । इतने विविध एवं समृद्ध कृषि उत्पादन वाले क्षेत्र में किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, सिंचाई प्रणालियों और यंत्रीकरण की सुविधाओं से परिचित कराने के लिए कोई विशेष संस्थान या क्षेत्रीय केंद्र उपलब्ध नहीं है । हमारी सरकार का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाना है । इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए क्षेत्रीय स्तर पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं नवाचार आवश्यक है । भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद देशभर में इसी उद्देश्य से कार्य कर रही है । साथ ही यह संस्था विदेशों से तकनीकी सहयोग एवं फसल विपणन से संबंधित समझौते भी करती है । अतः मेरा आग्रह है कि छिन्दवाड़ा-पांढुर्णा क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का क्षेत्रीय कार्यालय शीघ्र स्थापित किया जाए जिससे क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक का लाभ मिल सके ।